प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 04.01.2026 (संध्या–1900 बजे)
मुख्य समाचार

1. मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे देवघर, बाबा मंदिर में की पूजा–अर्चना, एम्स के डॉक्टरों से मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के बारे में साझा की जानकारियां।
2. पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने लगाया आरोप – पेसा कानून में ग्राम सभा के अधिकारों को जानबूझकर किया गया कमजोर, बाबूलाल मरांडी ने अवैध खनन पर राज्य सरकार को घेरा।
3. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉलर अनुष्का कुमारी के गांव में खेल मैदान को विकसित करने के दिए निर्देश, नव वर्ष पर मंत्री दीपिका पांडेय और विधायकों ने मुख्यमंत्री से मिलकर दी शुभकामनाएं।
4. केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने गिरिडीह में सांसद खेल महोत्सव के विजेताओं को किया पुरस्कृत, कहा – केंद्र सरकार देश में खेल के विकास के लिए प्रतिबद्ध। और
5. मौसम विभाग ने रामगढ़, हजारीबाग और बोकारो समेत 13 जिलों में शीतलहर चलने की जताई संभावना, रांची में बढ़ती ठंड के चलते सभी सरकारी और निजी स्कूलों को छह जनवरी तक बंद रखने के आदेश।

***************

देश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार अपने दो दिवसीय दौरे पर आज देवघर पहुंचे। हवाई अड्डे पर वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। हवाईअड्डे पर उन्होंने पत्रकारों से बातचीत भी की।

साउंड बाइट– ज्ञानेश कुमार, देवघर ऑन पूजा अर्चना–15 सेकेंड

श्री कुमार ने सपरिवार देवघर में बाबा बैद्यनाथ की पूजा–अर्चना कर बाबा का आशीर्वाद लिया। इसके बाद उन्होंने देवघर स्थित एम्स का भ्रमण किया और यहां के डॉक्टरों से बातचीत की। इस मौके पर उन्होंने डॉक्टरों से मतदान और देश में चल रहे मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के बारे में जानकारियां साझा की।

***************

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने राज्य सरकार द्वारा हाल ही में अधिसूचित पेसा अधिनियम की नियमावली को वर्ष 1996 के मूल कानून की भावना के विपरीत बताया है। रांची में आज एक प्रेस वार्ता में श्री मुंडा ने कहा कि पैसा कानून का मुख्य उद्देश्य आदिवासी क्षेत्रों में ग्राम सभा को मजबूत बनाना और पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था को मजबूत करना था, लेकिन राज्य सरकार ने जिस कानून को मंजूरी दी है उसमें ग्राम सभा के अधिकारों को जानबूझकर कमजोर कर दिया गया है।

साउंड बाइट – अर्जुन मुंडा, रांची ऑन पेसा – 28 सेकेंड

इधर, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने आज मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की 123वीं जयंती के अवसर पर रांची–टाटा रोड स्थित तमाड़ में उनकी प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मरांग गोमके के विचार सभी को संविधान के मूल्यों पर चलने और लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए प्रेरित करते रहते हैं।

***************

पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने दुमका जिले में मीनाक्षी नदी से बालू के अवैध खनन को लेकर राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा है कि पाकुड़, जामताड़ा और साहिबगंज से लेकर रांची तक पूरे झारखंड में अवैध खनन के हालात एक समान हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार और पुलिस–प्रशासन इस पर रोक लगाने में विफल रहे हैं। मरांडी ने इस मामले में उच्च न्यायालय से हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा है कि राज्य में यदि माफिया तत्वों को संरक्षण दिया जा रहा है तो आम जनता को भी आवश्यकतानुसार बालू खनन की छूट दी जानी चाहिए।

****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची के ओरमांझी स्थित रुक्का गाँव में खेल मैदान को विकसित करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा उन्होंने रांची जिला प्रशासन को अंतरराष्ट्रीय फुटबॉलर और प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित अनुष्का कुमारी के परिजनों को राज्य सरकार की योजनाओं से जोड़ने के लिए कहा है। मुख़्यमंत्री आज रांची में अनुष्का कुमारी से मुलाकात कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने अनुष्का को बेहतरीन प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए सम्मानित भी किया। इधर, मुख्यमंत्री से आज ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, विधायक प्रदीप यादव, विधायक जयमंगल सिंह और विधायक राम सूर्य मुंडा ने शिष्टाचार भेंट कर नववर्ष की बधाई दी।

****************

नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने छात्रों से अपने संगठन को मजबूत करने और छात्र हितों की लड़ाई के लिए बढ़–चढ़ कर भाग लेने की अपील की है। आज गिरिडीह में झारखंड छात्र मोर्चा के एक दिवसीय सम्मलेन को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि छात्रों के विकास से ही यह समाज भी विकसित होगा।

****************

केंद्र सरकार ने उस वीडियो को फर्जी बताया है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोना, मोबाइल फोन, दोपहिया और चार पहिया वाहन जैसी वस्तुएं मुफ्त देने की घोषणा की है। पत्र सूचना कार्यालय की फैक्ट चेक यूनिट के अनुसार प्रधानमंत्री ने ऐसी कोई भी घोषणा नहीं की है। कार्यालय ने बताया है कि यह वीडियो एआई से बनाया गया है। सरकार ने लोगों से ऐसी किसी भी गलत सूचना पर विश्वास न करने और सतर्क रहने की सलाह दी है।

****************

बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार के विरोध में आज धनबाद में आक्रोश–प्रदर्शन के साथ–साथ धरने का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्थानीय सांसद ढुल्लु महतो के नेतृत्व में लोगों ने बांग्लादेश के प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया। सांसद ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि बांग्लादेश में पिछले दो वर्षों से सुनियोजित साजिश के तहत अल्पसंख्यकों के साथ अमानवीय व्यवहार हो रहा है।

****************

केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा है कि केंद्र सरकार देश में खेल के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इसे देखते हुए विभिन्न प्रतियोगिताएं के जरिए ग्रामीण क्षेत्रों से योग्य खिलाड़ियों को ढूंढने की कोशिश जारी है ताकि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का खेल में प्रदर्शन उम्दा हो सके। मंत्री आज गिरिडीह में आयोजित सांसद खेल महोत्सव के समापन अवसर को सम्बोधित कर रही थीं।

साउंड बाइट – अन्नपूर्णा देवी ऑन सांसद खेल महोत्सव – 16 सेकेंड

इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, चतरा से सांसद काली चरण सिंह और हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

****************

रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में आयोजित महिला हॉकी लीग में रांची रॉयल्स को आज हार का सामना करना पड़ा। एक रोमांचक मुकाबले में श्राची बंगाल टाइगर्स ने रांची रॉयल्स को एक–शून्य से हरा दिया। बंगाल की ओर से अगस्टीना गोरजेलने ने 37वें मिनट में गोल दागकर बंगाल की टीम को जीत दिलाई।

***************

राज्य में रांची, रामगढ़, बोकारो और हजारीबाग समेत 13 जिलों में छह जनवरी तक शीतलहर चलने की संभावना है। मौसम विभाग ने इसे लेकर आज येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार अगले तीन दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में तीन से चार डिग्री की गिरावट होने की संभावना है। इधर, ठंड के कारण रांची में नर्सरी से लेकर कक्षा 12 तक के सभी सरकारी, गैर–सरकारी और निजी स्कूल छह जनवरी तक बंद रहेंगे। जिले के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने इस सम्बन्ध में आदेश जारी कर दिए हैं।

*******समाप्त********